सार-समाचार

वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को बनाया सदस्य

सीकर । भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में बुधवार को अभियान के जिला संयोजक मधूसुदन भिंडा ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनाया। सहसंयोजक विनोद महला ने वरिष्ठ नेताओं का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जिला संयोजक मधूसुदन भिंडा ने सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए कहा कि सभी पार्टी के अभियान में जुडक़र सक्रिय सदस्य बनाए। कहा कि पार्टी के आदेशानुसार अभियान को गति प्रदान करें और जिले को मिले लक्ष्य को पूरा करें। इस दौरान पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, केडी बाबर, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, ईश्वर सिंह राठौड़, भजनलाल रोलण, रामप्रसाद मिश्रा, तेजप्रकाश सैनी, गिरधारी महाराज, शिवदयाल धाभाई, रिछपाल सिंह कविया, मनोज बाटड़ आदि उपस्थित रहे।

हज यात्रियों का किया स्वागत

चूरू, (कासं.)। चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने आज हज यात्रा से लौटे नानू खां फौजी का नई सड़क पर माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर महनसरिया ने कहा कि मक्का नसीब वाले जाते हैं। समारोह में पूर्व पार्षद ताराचंद बाठिया, नवाब खान दौलत खानी, इदू फतेहखानी, भंवरु खान जेनान, नजीर खान नसवान, गफ्फार काजी, एडवोकेट मनोज महनसरिया, मोहन ट्रेलर, परमेश्वर रेगर, कायमखानी समाज के जिला अध्यक्ष मुंशी खान चांद खानी, लक्ष्मण मेहरा सहित उपस्थित जनों ने हाजी नानू खां फौजी का माला पहनाकर स्वागत किया।

तलवारबाजी चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

चिड़ावा। क्षेत्र की बेटी ने तलवारबाजी में क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चिड़ावा के पास ब्राह्मणों की ढाणी निवासी राजपाल भूकर की बेटी उन्नित्त भूकर ने जयपुर में हुई तलवारबाजी स्टेट चैंपियनशिप में लगातार दूसरे वर्ष भी गोल्ड मैडल जीतकर परिवार के साथ साथ झुंझुनूं जिले का मान सम्मान बढ़ाया। इस खुशी के मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया ने बेटी को शुभकामनाएं देते हुए अन्य बेटियों से भी उन्नित से प्रेरणा लेने और खेलों में करियर बनाने का आ ान किया। इस दौरान उन्होंने बच्ची के परिजनों की भी तारीफ करते हुए सभी परिजनों से भी बच्चों को खेलों में पर्याप्त समय देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर उम्मेद भूकर, भाजपा नेता सुरेश भूकर ,देवरोड़ सरपंचपति अनूप नेहरा, अभिषेक चौधरी,नरेंद्र श्योराण, अनूप चौधरी, दीपक भूकर, पवन भूकर,पंकज कुमावत,आशीष वर्मा, सचिन जांगिड़, आशीष जांगिड़(लालजी) निखिल गौड़, भाजयुमो अध्यक्ष अशोक शर्मा सहित परिजनों और अन्य गणमान्यजनों ने भी उन्नित को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी।

महेंद्र धनखड़ अध्यक्ष नियुक्त

चिड़ावा। सुलताना इलाके के किठाना निवासी पूर्व उपसरपंच महेंद्र धनखड़ को राष्ट्रीय जाट महासंघ का सुलताना ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जोड़ियां निवासी विनोद कुलहरी उपाध्यक्ष और विजेंद्र सिंह ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय जाट महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल सिंह राठी की स्वीकृति से राष्ट्रीय जाट महासंघ के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र क्यामसरिया एवं महामंत्री कंवरपाल बलवदा ने राष्ट्रीय जाट महासंघ का सुलताना ब्लॉक की कार्यकारिणी में अध्यक्ष महेंद्र धनखड़, उपाध्यक्ष विनोद कुलहरी एवं प्रभारी विजेंद्र सिंह सहित तीनों पदाधिकारीयों को एक साथ नियुक्ति पत्र जारी किया गया। पूर्व उपसरपंच महेंद्र धनखड़ को सुलताना ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त करने के साथ ही प्रभारी विजेंद्र सिंह धनखड़ की सलाह से पंद्रह दिन में कार्यकारिणी विस्तार करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी मौके पर जाट समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा सुलताना पहुंचने पर प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र क्यामसरिया एवं जिला महामंत्री रिटायर्ड एसआई कंवरपाल बलवदा का उपस्थित लोगों द्वारा माला पहनाकर के अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राकेश बोराण, बलबीर धनखड़, ओमप्रकाश धनखड़, राजेंद्र कुलहरी, रामसिंह किठाना, कर्णसिंह, बूंटीराम बोराण, भीम सिंह, बिनोद धनखड़, अमित कुमार, दिपक, नरेंद्र सिंह, हरकेंद एवं राजेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

अवतार माह की विशेष नामचर्चा का आयोजन

तारानगर, (निसं)। तारानगर के एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र मेँ रविवार को चूरू जोन के तारानगर, राजपूरा व ददरेवा ब्लॉक के सेवादारों ने डेरा सच्चा सौदा की प्रथम पातशाही एवं संस्थापक बेपरवाह शाह मस्ताना जी महाराज के अवतार दिवस की नामचर्चा पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा के हुक्मानुसार धूमधाम से आयोजित की। उपस्थित साध संगत ने सर्वप्रथम धन धन सतगुरु तेरा ही आसरे के पवित्र नारे के साथ अरदास विनती का शब्द बोलकर नामचर्चा का शुभारंभ किया। ततपश्चात कविराज भाईयों ने एक से बढ़कर एक शानदार भजनो की प्रस्तुति दी। 85 मेंबर मदन इंसा व च्यानण इंसा ने सभी से नामचर्चा मेँ अधिक से अधिक आने को कहा। प्रेमी सेवक मनोज इंसा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

सोने चांदी व सामान चोरी मामले में आरोपी को प्रोडेक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया रिमाण्ड

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने वार्ड नम्बर 15 गायत्री आश्रम के पिछे एमपी कालोनी कस्बा राजगढ में हुई चोरी प्रकरण में एक आरोपी को प्रोडेक्शन वारंट पर झुन्झुनूं जेल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर 21 नवम्बर तक पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। थानाधिकारी पुष्पेन्द्र झाझडिया ने रविवार दोपहर तीन बजे जानकारी देते हुए बताया कि प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी प्रदीप कुमार मीणा सहायक उपनिरीक्षक ने चोरी प्रकरण में आरोपी को गिरफतार किया है। अनुसंधान अधिकारी प्रदीप कुमार मीणा ने बताया कि 11 मई 2024 को बृजमोहन शर्मा निवासी वार्ड नम्बर 15 गायत्री आश्रम के पिछे एमपी कालोनी कस्बा राजगढ तहसील राजगढ जिला चूरू के घर में हुई चोरी मामले में झुन्झुनूं जेल से प्रोडेक्शन वारंट पर मुल्जीम राजेन्द्र प्रसाद उर्फ बाबुलाल पुत्र रामस्वरूप ब्राहम्ण उम्र 43 वर्ष निवासी बिलवा पुलिस थाना खेतडी जिला झुन्झुनु हाल शनी मन्दीर के पास वार्ड नम्बर 37 चिडावा जिला झुन्झुनू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है तथा पुछताछ हेतु न्यायालय में पेश कर 21 नवम्बर तक पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। तथा चोरी का सामान बरामद किया जायेगा। गौरतलब है कि दिनांक 11 मई 2024 के बृजमोहन शर्मा पुत्र रामेश्वर लाल ब्राहम्ण उम्र 72 साल निवासी वार्ड नम्बर 15 गायत्री आश्रम के पिछे एमपी कालोनी कस्बा राजगढ तहसील राजगढ जिला चूरू ने हाजिर थाना होकर मामला दर्ज करवाया था कि उसका मकान वार्ड नम्बर 15 गायत्री आश्रम के पिछे सांखु रेलवे फाटक के नजदीक है। दिनांक 10 नवम्बर 2024 को वह तथा उसका छोटा भाई बलदेव दोनों दिन में 12-12.30 बजे अपनी रिस्तेदारी में शादी में शरीक होने राजगढ से ट्रेन में गये थे तथा वापसी में रात्री को ही बीकानेर हरिद्वार ट्रेन से वापिस आ गये। जब वह गया था तो अपने घर के दरवाजे व मैन गैट के ताला लगाकर गया था, वापिस आने पर देखा तो घर के दरवाजे का ताला गायब था तथा घर के अन्दर सामान बिखरा पडा था। कि एलईडी सैमसग कम्पनी की 43 ईन्ची, कम्प्यूटर एक, दो गैस सिलेण्डर इण्डेन के, गैहु 60 किलो, ओवेन एक, बुक नग 12, डीएनजे 06 सीआर एलआर, आभुषण में सोने की चैन एक, बिन्टी नग दो, पाजेब जोडी 10 व नगदी 12 हजार रूपये थे जो अज्ञात व्यक्तियो ने चोरी कर ले गये ।

चोरी प्रकरण में आरोपी को गिरफतार किया ।

मूर्ति का अनावरण समारोह आज

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी। शेखावाटी के जाने-माने समाजसेवी शिक्षाविद, राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित बगड़िया स्कूल के पूर्व प्राचार्य सचिव स्व. सांवर शर्मा भाई साहब की मूर्ति का अनावरण आज रविवार 17 नवंबर को प्रात: 11 बजे निकेतन प्रांगण में आयोजित होगा।

यह जानकारी देते हुए बगड़िया स्कूल के सचिव व पुरातन छात्र संघ के कमल गोयनका ने बताया कि स्कूल के पुरातन छात्र संघ व निकेतन परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाई साहब की स्मृति में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाशित कर्म योगी के अमिट निशा पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में की अध्यक्षता पलसाना के महंत मनोहरशरण महाराज करेंगे। आयोजित कार्यक्रम में कैलाश जाजोदिया मुख्य अतिथि व नरोत्तम ब्यास विशिष्ट अतिथि होंगे।

राजगढ़ में युवा महोत्सव में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

सादुलपुर, (निसं)। दिनांक 25 नवंबर से 5 दिसंबर 2024 तक होने जा रहा है जिसका उद्देश्य राजस्थान की लुप्त हो रही परंपरागत लोक संस्कृति, कलाओं, विधाओं ,विज्ञान एवं प्रोधोगिकी,नवाचार को संरक्षण प्रोत्साहन के क्रम में 15 से 29 वर्ष तक के विद्यालयों में अध्ययनरत व गैर अध्यनरत प्रतिभाशाली युवा कलाकारों का पंजीयन राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें। इस मे भाग लेने बाबत उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग और अध्यक्ष राजस्थान युवा बोर्ड के आदेशानुसार ब्लॉक स्तर पर युवा महोत्सव के आयोजन पश्चात जिला व राज्य स्तर पर आयोजन होंगे।

- **25 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने रजिस्ट्रेशन करवाने का किया आहवान**

उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कार दिए जाएंगे। ब्लॉक स्तर पर भी विजेता रहे युवाओं को नगद पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे। सीबीईईओ बबलेश शर्मा ने बताया कि रजिस्ट्रेशन पश्चात माह के अंतिम सप्ताह में विज्ञान एवं डिजिटल मेले का आयोजन, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं जिनमे सामूहिक लोक गायन, सामूहिक लोक नृत्य,एकल नृत्य व एकल गायन, जीवन कौशल के तहत कविता पाठ, कहानी लेखन, चित्रकला व भाषण, युवा कृति के तहत हस्तकला, वस्त्र कला व कृषि उत्पादक, राजस्थान की लुप्त हो रही कला जैसे फड, रावण हत्था, रम्मत, अलगोजा, मांडणा, लंगामाँगनियार, कठपुतली, खडताल, मोरचंग, भपंग वादन आदि गतिविधियों का आयोजन होंगे। ब्लॉक के बाद जिला व राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को भी उचित इनामी राशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। इस हेतु ब्लॉक शिक्षाधिकारी बबलेश शर्मा ने अधिक से अधिक पंजीकरण करवाने की युवा कलाकारों से अपील की है।

हनुमान की चौपाईयों पर झूमे श्रद्धालु

चूरू, (कासं.)। श्रीराम मंदिर में रूकमानंनद मण्डावेवाला परिवार की ओर से सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राकेश एण्ड पार्टी ने गणेश वंदना से सुन्दरकाण्ड पाठ का शुभारंभ किया। पाठ वाचक राकेश दाधीच व विष्णु कसेरा ने मंदिर में सुन्दरकाण्ड का पाठ कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। पाठ में महिला व पुरूषों ने सुन्दरकाण्ड पाठ किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्रीराम वंदना व हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान श्रीराम व बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि सुन्दरकाण्ड का पाठ करने व सुनने से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। हर मनुष्य का सुन्दरकाण्ड का पाठ करना चाहिए।

मौसम बदलने से फसलों को होगा फायदा

चिड़ावा। चिड़ावा शहर और आसपास के इलाके में रविवार को पूरे दिन सर्दी का खासा असर रहा। हिमालय पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद चल रही शीतलहर ने क्षेत्र में लोगों की धूजणी छुड़ा दी है। सर्दी से बचने के लिए लोग अब गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं।

फसलों को होगा फायदा : इधर बदले हुए मौसम का फायदा भी है। इस मौसम में औंस की बूंदों से फसलों को काफी फायदा मिलेगा। कृषि विशेषज्ञ कृष्ण कुमार रतेरवाल के अनुसार इस मौसम में औंस के जरिए फसलों को अमृत मिला है। फसलों की ग्रोथ में ये बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। हालांकि इस बार सर्दी आने में देरी और औंस नहीं आने से किसान परेशान थे। लेकिन अभी भी सर्दी अपनी रंगत में आ जाए तो फसलों को जीवन दान मिलेगा।

अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में महिला विचार गोष्ठी संपन्न

चूरू, (कासं.)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय चूरू की जिला शाखा के तत्वावधान में अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में विचार गोष्ठी का आयोजन डाइट चूरू में किया गया। मां सरस्वती के अवक्ष चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता श्योपुरा की प्रधानाचार्य बबीता सैनी ने अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पति एवं पुत्र की असामयिक मृत्यु के बावजूद उन्होंने अपने पिता की विरासत को न केवल संभाल कर रखा बल्कि अपने राज्य की सुरक्षा की तथा अपने अंतिम समय में इंदौर को छोड़कर महेश्वर में साधारण आवास में रहकर राज योगिनी कहलाने का हकदार बनी। द्वितीय सत्र में खासोली की प्रधानाचार्य गीता भाटिया ने सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों के संवर्धन में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कुटुंब प्रबोधन के बारे में बताया तथा आज की परिस्थितियों में सचेष्ट रहकर अपने परिवार के सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण करना एक चुनौती है तो साथ ही सांस्कृतिक प्रदूषण से बचना भी दुष्कर कार्य है। इस अवसर पर जिला महिला मंत्री कौशल्या चौधरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम में पधारी हुई सभी महिला शिक्षकों का आभार प्रकट किया। जिला महिला उपाध्यक्ष रेणु सुईवाल, जिला महिला संगठन मंत्री अंजू चौहान, जिला महिला सचिव अन्नम भारद्वाज, शांति सैनी, कांता शर्मा, अमिता शर्मा, तुलसी देवी ने अयोजकीय भूमिका निभाई। पर्यवेक्षक कृष्ण कुमार सैनी, संभाग संगठन मंत्री राजवीर सिंह, जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा, जिला मंत्री गोपालराम जांगिड़, सूर्यप्रकाश शर्मा, प्रभुदयाल सिंगोदिया, कन्हैया लाल सैनी, चिरंजीलाल सैनी, होशियार चंद्र सारस्वत, अनुपम सैनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। केजीबीवी की अध्यापिका कृष्णा पचार ने कार्यक्रम का संचालन किया।

मतपत्र पहुंचाएं

झुंझुनूं, (निसं) झुंझुनू विधानसभा उपचुनाव में मतगणना से पहले सैन्य बलों में कार्यरत ऐसे कार्मिक जिन्होंने अपने ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम) मतपत्र निर्वाचन अधिकारी को अब तक नहीं भेजें हैं, वे अपने मतपत्र अविलंब पहुंचाएं। यह अपील जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने की है। उन्होंने बताया कि मतगणना दिवस 23 नवंबर को सुबह 8 बजे तक झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी को प्राप्त होने पर ही वे मतपत्र मतगणना में शामिल हो सकेंगे। गौरतलब है कि जिले में कुल 3310 ऐसे मतदाता हैं, जो सैन्य बलों में कार्यरत हैं।

पूर्व विधायक की पूण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

रतनगढ़,(निसं)। जय कृष्णा कृषि फार्म में पुर्व विधायक स्व. पंडित जयदेव प्रसाद इंदौरिया की 10 वीं पूण्यतिथी के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर और ग्रामीण क्षेत्र से सेंकडो जनप्रतिनिधि गण एवं गणमान्य लोगों ने पं इन्दोरिया की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि राजनैतिक क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के जनसेवा ही सर्वोपरि हो, ऐसे प्रतिमान स्थापित करने वाले पंडित जी जैसे अब विरले ही मिलते हैं। श्रद्धांजलि सभा में देहात/पूर्व शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भानीराम मेघवाल, अरविंद चाकलान, पार्षद शशि कुमार गौड़, पुर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरीया, रामचंद्र खटीक मंचस्थ रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने पं इन्दोरिया के सादगीपूर्ण जीवन और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। सभा समापन पर दो मिनट का मौन रखा गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चंद्र इंदौरीया ने उपस्थित जन का आभार व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन राजेंद्र सिंह बिदावत ने किया। इस अवसर पर राजेन्द्र बबेरवाल, मुख्त्यार खान, युधिष्ठिर शर्मा, पुर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, कांग्रेस नेता कल्याण सिंह शेखावत, पुर्व पार्षद रामवीर राइका, फकीर चन्द दानोदिया, रामदेव शर्मा, हरि किशन इंदोरिया, सुबोध सारस्वत, रोहित लाटा, भीष्म इंदोरिया, वैद्य त्र्यंबक शर्मा, सोनू दिनेश जांगिड़, सुशील गौड, निरंजन रूंथला, भंवर लाल बिजारणियां सहित दर्जनों गणमान्य उपस्थित थें।

अचानक घबराहट होकर बेहोस होने से मौत

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ कस्बे के वार्ड 16 सुभाष नगर में शादी के कार्य में लगे एक व्यक्ति की अचानक घबराहट होकर बेहोस होने से मौत हो गई। घटना के बाद सरकारी अस्पताल राजगढ में लाया गया, जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं घटना की मिली सूचना पर राजगढ थाना पुलिस ने घटना का जायजा लिया। रविवार दोपहर दो मिली जानकारी में राजगढ थाना पुलिस ने मृतक नवीन कुमार के शव को पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया है। थानाधिकारी पुष्पेन्द्र झाझडिया ने बताया कि रविन्द्र सिंह पुत्र दलवीर सिंह जाट उम्र 32 साल निवासी सरदारपूरा हाल सहायक अभियन्ता प.स. राजगढ जिला चूरू ने रिपोर्ट देकर मामला दर्ज करवाया है कि उसका भाई नवीन कुमार पुत्र रणवीर सिंह जाट उम्र 43 वर्ष निवासी सरदारपूरा हाल वार्ड नं. 16 सुभाष नगर राजगढ में रहते हैं। दिनांक 16 नवम्बर 2०24 को महेश कुमार के लडके की शादी थी। तथा नवीन कुमार शादी में काम कर रहा था। रात के समय करीब 10 बजे के आसपास अचानक घबराहट होकर वह बेहोश गया, जिसे तुरन्त अस्पताल राजगढ के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जो बाद में नवीन कुमार नवीन की मृत्यु है गई। जो, सरकारी अस्पताल के मोर्चरी रूम में डैडबाढी रखी है। रविवार को राजगढ थाना पुलि ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया। तथा पुलिस ने मर्ग रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

सीकर, । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के साथ ही जिले में लोकायुक्त, मुख्यमंत्री कार्यालय, सतर्कता समिति के बकाया सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करवाकर जवाब भिजवाये जाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को दीपावली के त्यौहार के मध्य नजर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले दुकानदारों, दुकानों एवं संस्थानों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने मिलावटी मावा,मिठाई, खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेकर जांच करने के साथ ही छापामार की प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग छोटे प्रतिष्ठानों के साथ-साथ मावे और मिठाई के बड़े प्रतिष्ठानों पर भी प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने नगरीय निकायों से संबंधित लंबित चल रहे संपर्क पोर्टल के मामलों में प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर निस्तारण करने, जिला अस्पताल के सामने से रेहडी और ठेले वालों को हटाने, लाईट्स पोर्टल के प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण करने, कंटेंप्ट आफ कोर्ट के मामलों में रिप्लाई फाइल करने, सेफ्टी टैंक से संबंधित कार्य संपादित करते समय मजदूरों के लिए आवश्यक सभी सुरक्षा उपकरण सुनिश्चित करने एवं डीएलबी के दिशा-निर्देशों की पालना करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला आबकारी अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर शर्मा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों को मुख्यमंत्री बजट घोषणा में भू-आवंटन के प्रस्ताव भिजवाने के साथ ही भू-आवंटन की प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को ई-फाइल के निस्तारण में एवरेज डिस्पोजल टाइम को कम करने के संबंध में निर्देशित किया। जिला कलेक्टर शर्मा ने नगर परिषद को दीपावली के त्यौहार पर शहर में साफ-सफाई, नालियों की साफ-सफाई, शहर में सभी दुकानों के बाहर बडे कचरा पात्र रखने के निर्देश दिए ताकि शहर में अनावश्यक कचरा इधर-उधर नहीं फैले एवं शहर में बेसहारा पशुओं की धरपकड़ करवाने, शहर में फोगिंग चिकित्सा विभाग के समन्वय से करने तथा आमजन में जागरूकता करते हुए।

- **बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला आबकारी अधिकारी को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

लक्ष्मणगढ़,। स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा कैरियर विद तथा कैरियर आफ्टर ग्रेजुएशन विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत, सचिव आशकरण शर्मा ,सीए मोहित मिश्रा व सीए गोविन्द मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहित मिश्रा ने वर्तमान में सीएस के लिए उपलब्ध रोजगार के विभिन्न विकल्पों के विषय में व गोविन्द मिश्रा ने सीए के पाठ्यक्रम तथा उपलब्ध रोजगार के विभिन्न विकल्पों पर विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ कौशल विकास करते हुए रोजगारोन्मुखी पथ पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय सचिव आशकरण शर्मा ने भी विद्यार्थियों को कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संयोजन महेश कुमार अग्रवाल ने किया। मो. फारुख ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत मगरासर
पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक :-ग्रा.प./म./2024-25/218-225 दिनांक 16.11.2024

ई-निविदा सूचना संख्या-04/2024-25

ग्राम पंचायत मगरासर में महात्मा गांधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं (नरेगा RD सहित समस्त योजनाओं) में सामग्री आपूर्ति वर्ष 2024-25 हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की गयी है। जिसकी अनुमानित लागत राशि 50.00 लाख है। जिस की प्रतिभूति राशि के रूप में अनुमानित लागत राशि का 50.00 लाख का 2% से 1 लाख रुपये की सरपंच ग्राम पंचायत मगरासर के नाम से डीडी/बैंकर चैक जमा करवानी होगी। इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत प्रतिष्ठानों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेब साइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन निविदा दिनांक 16.11.2024 को 5.00 PM से दिनांक 25.11.2024 को 11.00 am तक आमंत्रित की जाती है।विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है।

निविदा सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू में)	धरोहर राशि (रूपये में)
1.	ग्राम पंचायत मगरासर में महात्मा गांधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं (नरेगा RD सहित समस्त योजनाओं) में सामग्री आपूर्ति वर्ष 2024-25 हेतु	50.00 लाख	100000 रुपये
2.	ऑनलाईन फार्म डाउनलोड व जमा /अपलोड करने की तारीख	दिनांक 16/11/2024 05.00 PM बजे से दिनांक 25/11/2024 11.00 AM तक	
3	धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./बैंकरर्स चैक/ ई चालान एवं अन्य कार्यालय में जमा कराने की दिनांक	दिनांक 25/11/2024 06.00 PM तक	
4.	ऑनलाइन निविदा खोलने की तारीख	दिनांक 26/11/2024 11.00 AM तक	

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

NIB NO-ZCR2425A0586 UBN NO-ZCR2425GLOB01196

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मगरासर
पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)

संतोष मेघवाल, सरपंच
ग्राम पंचायत मगरासर
पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)

बाइक चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ीनगर पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पिछले आठ साल से फरार चल रहा था, जिसके लिए न्यायालय की ओर से वारंट जारी कर रखा था। थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल ने बताया कि थाना क्षेत्र के वांछित बदमाशों की धरपकड़ के लिए सीकर एसपी भूवन भूषण के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने को लेकर उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली केसीसी के हाट बाजार के पास से 2016 में बाइक चोरी के मामले में फरार एक आरोपी किढवाना में छुपा हुआ है। आरोपी को गिरफ्तार करने को लेकर विशेष टीम का गठन कर उसके संभावित ठिकाने पर दबिश देकर बिस्सा नालपुर निवासी प्रदीप कुमार उर्फ गुगंलिया जाट को गिरफ्तार कर लिया।

विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत रसवर्षण का शुभारंभ

सीकर,(निसं)। नेहरू पार्क के सामने स्थित श्री गोपीनाथ सेवा सदन गोविंदम में मंगलवार से श्रीमद् भागवत रस वर्षण का विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा छोटा तालाब बालाजी मंदिर से गाजे-बाजे एवं शाही लवाजमें के साथ शुरू होकर कथा स्थल गोविंदम पहुंची। कलश यात्रा में सर्वप्रथम विद्वान पंडितो द्वारा श्रीमद् भागवत कथा एवं कलश पूजन किया गया।

इसके बाद श्रीमद् भागवत रसवर्षण के यजमान दिनेश बियाणी सपत्नीक एवं परिवार जनों के साथ श्रीमद् भागवत कथा शीश पर धारण कर कलश यात्रा के साथ कथा स्थल पहुंचे। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

कलश यात्रा में चंद्रमा दास जी महाराज, प्रकाश दास जी महाराज, मनोहर शरण जी महाराज, जुगल किशोर शरण, धर्मदास जी महाराज, लक्ष्मण दास जी, मधुसूदनाचार्य तथा त्रिवेणी दास जी सहित अनेक संत महात्माओं का सानिध्य रहा।

सीकर शहर के प्रतिष्ठित बियाणी परिवार की ओर से स्वर्गीय हरि बक्श एवं स्वर्गीय श्याम सुंदर बियाणी व परिवार की समस्त दिवंगत पुण्य आत्माओं की पावन स्मृति में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन निकाली गई कलश यात्रा में पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, शहर विधायक राजेंद्र पारीक, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, सभापति जीवन खां, कमल सिखवाल, स्वदेश शर्मा, पवन मोदी, विष्णु भूत, कांति प्रसाद मोर, पन्नालाल सारङा, सुरेश शर्मा, श्री शिवकुमार लखोटिया, ललित झाझुका, महेंद्र तोदी, प्रदीप मोदी, अनुभव जैन योगेश चितलांगियां, मनीष काबरा,सत्यम सोमानी,संजय मोर सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन साथ रहे।

कलश यात्रा के बाद कथा स्थल गोविंदम में व्यास पीठ से अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु श्री निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्री श्रीजी महाराज ने पहले दिन बोलते हुए श्रीमद् भागवत कथा का सार व महात्म्य पर प्रकाश डाला। गणेश वंदना एवं मंगलाचरण के साथ शुरू हुए श्रीमद् भागवत कथा रसवर्षण में श्रीजी महाराज ने कहा की भागवत कथा